**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **उपराष्ट्रपति पद का चुनाव कल, एनडीए उम्मीदवार झारखंड के पूर्व और महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक के बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है सीधा मुकाबला।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो जिले में डीएमएफटी की योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता का लगाया आरोप, कांग्रेस ने किया पलटवार।**
3. **राज्य सरकार ने जमशेदपुर के मानगो को नया पुलिस अनुमंडल बनाने का किया फैसला, उच्चस्तरीय कमिटी ने प्रस्ताव को प्रदान की स्वीकृति।**
4. **गुवा गोलीकांड के शहीदों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के मंत्रियों और विधायकों ने दी श्रद्धांजलि, भाजपा नेताओं ने भी किया नमन।**
5. **नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12–0 से रौंदा, सुपर चार चरण में किया प्रवेश।**

*******************

उपराष्ट्रपति पद के लिए कल चुनाव होंगे। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार झारखंड के पूर्व और महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, डीएमएफटी की योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस घोटाले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए भाजपा सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ेगी।

*******************

इधर कांग्रेस ने श्री मरांडी पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा को बोलेने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आज बोकारो सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों की सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सीय व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सदर अस्पताल की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के मानगो को नया पुलिस अनुमंडल बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर आज मुहर लगा दी। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में मानगो को पुलिस अनुमंडल बनाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

*******************

झारखंड आंदोलन के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज गुवा गोलीकांड की बरसी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीदों को नमन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि गुवा गोलीकांड के शहीदों का बलिदान हमें सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा ने भी शहीदों नमन किया। मौके पर चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की।

*******************

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। आज हम वस्त्र उद्योग के लिए किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे। एक रिपोर्ट–

*******************

इधर, झारखंड में भी सभी तबके के लोगों ने जीएसटी सुधारों की सराहना की है। उपराजधानी दुमका के घरेलू बाजार में इसे बड़े बदलाव के संकेत के रुप में देखा जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य से मॉनसून अब आखिरी चरण में है। धीरे–धीरे यह कमजोर पड़ता जा रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने 12 सितंबर तक राज्य में कहीं–कहीं गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है।

*******************

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12–0 से रौंदा। बेहतर प्रदर्शन के लिए नवनीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही भारत ने टूर्नामेंट के सुपर चार में प्रवेश कर लिया है।

***************